घर में घुसकर प्रोपर्टी डीलर पर हमला, रास्ते में दम तोड़ा

सायला, (निसं)। पुलिस थानाक्षेत्र के बावतरा में शुक्रवार रात्रि को कृषि बेरे पर स्थित घर के आंगन में सो रहे प्रोपर्टी डीलर विजयराज देवासी (47 वर्ष) पर हमलावरों ने धारदार हथियारों व लाठियों से ताबडतोड वार किए। उसके चीखने पर परिजन जागे, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए। जबकि गंभीर घायल विजयराज को परिजन सायला के निजी होस्पीटल लेकर आए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भीनमाल ले जा रहे थे। बीच रास्ते में ही विजयराज ने दम तोड दिया।

मृतक के भाई मगनाराम पुत्र खीमाराम जाति देवासी उम्र 41 वर्ष निवासी बावतरा ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि बावतरा के पादरू रोड पर कृषि बेरा आया हुआ है। 26 जुलाई को बडा भाई विजयराज (47 वर्ष) रात्रि 12 बजे के लगभग घर आकर आंगन में पलंग पर सो गया था।

मध्यरात्रि करीबन 1:30 से 2 बजे के बीच अज्ञात हमलावरों ने बेरे पर स्थित घर में घुसकर विजयराज को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार व लाठियों से हमला करने लगे। तब विजयराज के चिखने पर भाभी रकमोदेवी पत्नी विजयराज जाग गई व चिल्लाने लगी। तब उठकर आया तो अज्ञात हमलावर गेट की तरफ भाग गये। जिनका पीछा करते हुए गेट तक पहुंचा तब तक हमलावर भाग चुके थे।

गेट के पास मोटरसाइकिल के टायरों के निशान पडे है। हमले में विजयराज के गंभीर चोटे आने पर सायला के एक निजी होस्पीटल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भीनमाल रेफर किया। इस दौरान बीच रास्ते में ही विजयराज की मृत्यु हो गई।

प्रोपर्टी डीलर विजयराज के हत्या की सूचना पर बडी संख्या में देवासी समाज के लोग सायला के सरकारी हॉस्पीटल में एकत्रित हुए तथा अज्ञात हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मोर्चरी के आगे धरने पर बैठ गए। वही परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने से इन्कार कर दिया।

सायला पुलिस थाने के सामने देवासी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

परिजनों के पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार करने और धरने पर बैठने की जानकारी मिलने पर एसपी ज्ञानचंद यादव, एएसपी रामेश्वरलाल, जालोर वृताधिकारी गौतम जैन व सीआई रामेश्रलाल ने मृतक के परिजनों व समाजबंधुओं से वार्ता की। लेकिन लोग आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग पर अडे रहे। वही शाम 7 बजे तक आरोपियों का कोई सुराग नही लगने से शव नही उठाया गया।

प्रॉपर्टी को लेकर हमले की आशंका

विजयराज प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का काम करते थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में प्रॉपर्टी को लेकर ही हमला करने की आशंका जताई है। कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल जांच जारी है।

आरोपियों का सुराग नहीं लगा

हत्या के बाद पूरे दिन में पुलिस हत्या के कारणों व हत्यारों का पता नही लगा पाई है। एसपी ज्ञानचन्द यादव ने बावतरा में घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। वही अलग अलग टीमें गङ्गित कर आरोपियों की शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए। लेकिन पुलिस को कोई सुराग नही मिला है।

2013 में बसपा के टिकट पर लड़ा था विधानसभा चुनाव

विजयराज देवासी ने 2013 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर बा?मेर की सिवाना सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए।

विजयराज किसान होने के साथ-साथ प्रॉपर्टी का बिजनेस करता था। प्रॉपर्टी डीलर विजयराज के 1 बेटा और 6 बेटियां हैं। 2 बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटा सबसे छोटा है।

नून पंचायत में पौधारोपण

प्रशासन एवं नारी शक्ति ग्रुप के तत्वावधान में नून की गोचर भूमि पर 1000 पेड़ लगाये। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला प्रशासन एवं नारी शक्ति ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत नून की गोचर भुमि पर 1000 पेड़ लगाये गये, जिसकी सुरक्षा के लिए द्वारा चारों तरफ़ तारबंदी व पानी की टंकी तथा ड्रिप लाइन की भी व्यवस्था की गई।

इस मौक़े पर अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर जालोर शिवचरण मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जवाहर चौधरी, उपखण्ड अधिकारी जालोर शंकरलाल मीणा, विकास अधिकारी जालोर प्रदीप मायला, तहसीलदार जालोर गेनाराम भुंगेरिय, पूर्व उपप्रधान उम्मेद सिंह, सरपंच गीता कंवर, एडवोकेट तेज सिंह, सूरज पाल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

कलैक्टर पूजा पार्थ के मार्गदर्शन में रसद विभाग जालोर द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत देलदरी, दिगांव, उमेदाबाद, धानपुर एवं नागणी गांव में एनएफएसए के लाभार्थियों से गुलमोहर, नीम, करंज, रेलिया एवं कनेर के पौधो का वृक्षारोपण करवा कर जिओ ट्री ऐप पर प्रत्येक पौधे की जिओ टैगिंग की गई।

जेवरात और नगदी चुराने का संदेह जताया

जोधपुर, (कासं)। शहर के राजीव गांधी कॉलोनी पाल लिंक रोड पर रहने वाली एक महिला ने अपनी मासी पुत्र पर घर से नगदी और जेवरात चुराने का संदेह जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी है। देवनगर पुलिस इस बारे में अब पड़ताल कर रही है।

मूलतः लूणी हाल राजीव गांधी कॉलोनी पाल लिंक रोड पर रहने वाली मोनिका पत्नी जगदीश ओड़ ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 26 जुलाई को एक जगह पर पुडियां बंटने के लिए चली गई थी। तब वह जल्दबाजी में अपना बटुआ घर पर भूल आई और बटुए में उसकी अलमारी की चाबी रखी थी। तब उसने अपनी मासी का फोन कर इसकी जानकारी दी। इस पर उसकी मासी घर पहुंची तो पता लगा कि मासी का बेटा भाई वहां पहले से मौजूद था। बाद में अलमारी चेक की तो पता लगा कि अलमारी से 50 हजार रूपए, सोने की टूसी, कंठी आदि सामान चोरी हो रखा था। अलमारी के ताले भी नहीं टूटे थे। पीड़ित महिला ने अपने मासी के पुत्र भाई पर जेवरात और नगदी चुराने का संदेह जताते हुए रिपोर्ट दी है।

न्याय पालिका के कारण लोकतंत्रत मजबूत : बिरला

जोधपुर, (कासं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि न्याय पालिका मजूबत है, इसलिये भारत का लोकतंत्रत मजबूत है और इसकी विश्वसनीयता देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखती है। राजस्थान हाईकोर्ट की प्लेटेनियम जुबली महोत्सव के तहत आयोजित सेमीनार में भाग लेने आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी न्याय यात्रा बहुत स्पष्ट और पारदर्शी है। लोकतंत्रत में न्यायपालिका मजबूत होने से पूरा लोकतंत्र मजबूत रहता है। लोकतंत्र की मजबूती का आभास इसी से होता है कि लोकतंत्र की स्थापना के समय जो विकास के लिये 400 करोड़ से बजट यात्रा शुरू की थी वो आज 48 लाख हजार करोड़ पर पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट का भी देश की न्याय पालिका में विशिष्ट स्थान रहा है। राजस्थान हाईकोर्ट के कई न्यायाधिपति ने सुप्रीम कोर्ट में भी न्यायाधपिति की भूमिका निभाई है। इसके साथ राजस्थान हाईकोर्ट में वकालात करने वाले कई अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट तथा अंतराष्ट्रीय कोर्ट में भी अपनी वकालात का लोहा मनवाया है।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के लोकतंत्र की सफलता में न्यायालय की भूमिका अहम होती है और यह अहमियत भारत देश में देखने को मिलती है।

यहां पर न्याय पालिका अपनी विशिष्ट भूमिका में है जिसके चलते न्याय सहज, सरल और सस्ता है। उन्होने बताया कि न्याय पालिका ने भी समय के साय परिवर्तन किये है।

जिला अस्पताल जालोर में शिविर का आयोजन किया

जालोर के राजकीय चिकित्सालय में हेपेटाईटिस आउटरिच शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला अस्पताल जालोर में शनिवार को हेपेटाइटिस नि:शुल्क आउटरीच जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे आमजन के स्वास्थ्य का परीक्षण कर हेपेटाइटिस रोग के बारे में जागरूक किया गया।

हेपेटाइटिस ट्रीटमेंट केंद्र प्रभारी डॉ. विजय कुमार मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 200 लोगों की हेपेटाइटिस रोग की स्क्रीनिंग की गई।

साथ ही आमजन को हेपेटाइटिस रोग सम्बन्धित जानकारी भी दी गई।बताया कि एनवीएचसीपी कार्यक्रम के अंतर्गत शहर मे आउटरीच शिविर का आयोजन कर आमजन को हेपेटाइटिस रोग के बारे में जागरूक और हेपेटाइटिस रोग की स्क्रीनिंग शीघ्र निदान किया जा रहा है।

डॉ.मीणा ने बताया कि जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस यूनिट द्वारा प्रतिदिन जांच की जाती है और मरीज को चरणबद तरीके से निदान एवं फॉलोअप पर लेकर शक मुक्त किया जा रहा है। समय-समय पर शहर की अन्य इरिस ग्रुप जैसे कच्ची बस्ती ट्रक ड्राइवर कचरा एकत्रित करने वाले लोग एवं अन्य व्यक्तियों की जांच कर संभावित पाए जाने पर उपचारित किया जा रहा है

विश्व हेपेटाइटिस दिवस की सात दिवसीय कार्य योजना शहर में जगह-जगह अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला अस्पताल में इस रोग के प्रति जागरूकता को को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओपीडी में आने वाले व्यक्तियों की जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रोग के लक्षण होने के कारण निदान उपचार आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई।

आउटरिच शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिमन्यु सिंह, नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग, ओपीडी प्रभारी शहजाद खान, हेपेटाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर के नर्सिंग ऑफिसर रमजान खां, छगनलाल गर्ग, राधे श्याम सोलंकी, पारसमल डॉ जीतू प्रजापत, नर्सिंग ऑफिसर सद्दाम हुसैन, हनवंत सिंह,एलटी भरत कुमार एवं रविन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

'ईश्वर की शरण से समस्या का समाधान'

रेवदर, (निसं)। जैसे भगवान अनिर्वचनीय है वैसे ही भगवान की योग माया शक्ति भी अनिर्वचनीय है । वाणी से उसका प्रतिपादन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे घबराने या चिंता करने से समस्या का समाधान नहीं होना, जो होना होता है वह तो होकर ही रहेगा, किंतु ईमानदारी से उस समय यदि भगवान की में शरण चले जाए, तो हमारी समस्या का तत्काल समाधान हो जाता है। जो भगवान की शरण ग्रहण करता है, उसकी लाज भगवान के हाथ में होती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कथा में परम गोभक्त सूर्यकांतजी जालान बनारस, भानु प्रकाशजी जालान रांची मौजूद रहे। इन उदगारों के जरिए मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास जी महाराज ने श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआं में चल रही मंगलमय गोभागवत कथा में हजारों गौभक्तों को संबोधित किया। प्रतिदिन की भांति आज देशभर के संतों के साथ नंदगांव परिसर की परिक्रमा हुई। परम श्रद्धेय गोऋषि स्वामी श्री दत्तशरणानंदजी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस परि मा में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदासजी महाराज, अवधेश चैतन्यजी महाराज, प्रज्ञानंदजी महाराज, सुधानंदजी महाराज, राधाकृष्णजी महाराज, रविंद्रानंदजी महाराज, बलदेवदासजी महाराज, गोवत्स विट्ठलकृष्णजी महाराज सहित सैंकडों संत मौजूद थे। साधक धर्मशरणजी ने बताया कि अपने वजन के बराबर गौमाता के लिए भोजन सामग्री का दान करके तुलादान किया जाता है । चातुर्मास के दौरान देशभर से आए गो सेवक प्रतिदिन तुलादान में बढ चढकर हिस्सा ले रहे हैं। शास्त्रों में मान्यता है कि इस दान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा मनोरथी नर नारायण जालान परिवार, चातुर्मास अनुष्ठान मनोरथी देवाराम जागरवाल कैलाशनगर, अन्नपूर्णा प्रसाद मनोरथी दलपतजी मंडवारिया का परम श्रद्धेय स्वामी गोऋषि स्वामी श्री दत्तशणानंद महाराज ने सम्मान करते हुए कहा कि सनातन हिन्दु समाज के ऐसे गोभक्तो के श्रद्धा, समर्पण व सहयोग से गोसेवा जैसे प्रकल्प को बल मिलता है।

आधार बनाने के लिए परेशान ग्रामीण

धोरीमन्ना, (निसं)। धोरीमन्ना क्षेत्र के सेडवा व धोरीमना में दोनों क्षेत्रों के बीच में आधार कार्ड को संशोधन को लेकर एक ही केंद्र वे सेंटर होने के कारण ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पंच केवलराम गवारिया ने बताया कि धोरीमना पोस्ट ऑफिस में स्टाफ एवं तकनीकी मशीन के कारण समय पूर्व काम नहीं हो रहा है। सुखराम सारण मिठडा ने कहा कि कई दिनों से चक्कर काट रहा हूं। काम नहीं हो रहा है। पीराराम पूनिया बामरला ने बताया कि सेडवा क्षेत्र धोरीमना क्षेत्र के कई गांव से दूर-दूर से लोग आते हैं। काम नहीं होने के कारण आखिर में निराश होकर वापस लौटते हैं। विद्यार्थी गुणेशाराम सियोल पाबूबेरा ने बताया कि आधार कार्ड में नाम संशोधन नहीं होने के कारण स्कूल में विद्यार्थियों का एडमिशन नहीं हो रहा है। इसीलिए छात्र छात्राओं की पढाई बर्बाद हो रही है । सोहनीदेवी विश्नोई कोजा ने बताया कि मैं सुबह 7 से शाम शाम तक भीड में इंतजार करती हूं। एक सप्ताह से शकर कट रही हूं। हालात जस की तस है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी समस्या को लेकर डेढ महीना हो गया है। छात्र-छात्राओं की पढाई बर्बाद हो रही है। लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सरकार से आग्रह है कि आधार कार्ड के संशोधन का अलग-अलग सेंटर खोला जाए। पाबूराम बिश्नोई हीरकन का थान विद्यार्थी रमेश पूनिया बामरला विष्णु पूनिया उदय सिंह राजपूत बुल डालूराम मूढ कोठाला रीडमलराम जाट भीमथल गंगाराम लोल लोलो की बेरी भगाराम सेवर इत्यादि सैकडो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। केंद्र एवं सेंटर केकड दूदू चालकना कारटिया इत्यादि ग्राम पंचायत में आधार बनाया जाता है।

बोरली ने कार्रवाई की मांग की

जालोर, (निसं)। बीते दिनों में भीनमाल में स्थित जी.के. गोवाणी राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और महाविद्यालय प्राचार्य एवं सह प्राचार्य के बीच विवाद बढता जा रहा है। महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों की सहायता के लिए एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा हेल्प डेस्क लगाए जाने के कारण महाविद्यालय प्राचार्या शिप्रा रानी एवं सह प्राचार्या कोमल कत्याल द्वारा एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार किया गया। जिसके संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। उन्होंने पत्र में बताया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों के सहयोगार्थ संचालित हेल्प डेस्क लगाने के कारण महाविद्यालय विद्यार्थियों के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करना निंदनीय हैं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्र लिख कर बताया की महाविद्यालय प्राचार्य शिप्रा रानी पर पूर्व में भ्रष्टाचार के बार-बार आरोप लगते आ रहे हैं, आरोपों के कारण महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों पर फेल करने और कॉलेज से निष्कासित करवाने की धमकिया देकर, उनकी आवाज दबाने का कार्य किया जाता हैं। उन्होने पत्र में इस विषय की उच्च स्तरीय जांच के लिए कमेटी गठन करवाने के साथ-साथ विद्याथियों के साथ दुर्व्यवहार करने हेतु प्राचार्य एवं सह-प्राचार्य के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करवाने की मांग की।

'पोकरण पालिका को विशेष दर्जा दें'

पोकरण, (निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने सदन में राजस्थान सरकार के बजट सत्र में विभिन्न विषयों एवं समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पोकरण पालिका आजादी से पूर्व 1936से कार्य कर रही है। पालिका की आर्थिक स्थिति दयनीय है पिछली सरकार में पालिका को आवंटित मद विषय में त्रुटि में संशोधन करने की मांग रखी। विधायक ने मांग रखते हुए कहा कि एतिहासिक परमाणु नगरी पोकरण नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए विशेष पैकेज देकर परमाणु नगरी व पर्यटक नगरी के रूप मे विकसित करते हुए पालिका क्षेत्र में विकास कार्यो के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट,पानी पाइपलाइन बिछाने,बिजलीपोल लगाने,एव पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित कि शहरी क्षैत्र के विकास कार्यो कि मांग सदन में रखते हुए सड़क निर्माण व पोकरण पालिका सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों को भरने कि मांग रखते हुए ऐतिहासिक धरोहर व सरोवर के रख रखाव के साथ जीव-जंतु व पर्यावरण संरक्षण के लिए नदी, आगोरो कि जमीन का संरक्षण कि मांग रखी। वही विधायक ने पोकरण विधानसभा क्षेत्र में पर्यटको को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विशेष मद आवटन का पैकेज देने कि मांग पुरे जोर से रखी। राजस्थानविधानसभामे लगातार तीसरी बार बजट सत्र के दौरान महन्त प्रतापपुरी महाराज ने पोकरण विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखा।

एक टांका एक पौधा कार्यक्रम चलाया

बालोतरा, (निसं)। ग्राम पंचायत गिडा की शायर कंवर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आवास निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, महात्मा गंधी नरेगा योजनान्तर्गत भूमि सुधार एंव टांका निर्माण का लाभ मिल चुका है। इस परिवार के लिए पक्की छत उपलब्ध होने से आंधी- बरसात आदि मे कोई परेशानी नही झेलनी पडती है, शौचालय निर्माण होने से खुले में शौच से भी मुक्ति मिल गई तथा टांका निर्माण से स्वच्छ बरसाती पानी मिलने से जल जनित बीमारियों से भी निजात मिल गई। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान के आदेशानुसार हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की कडी में एक पौधा मां के नाम, एक टांका एक पौधा कार्य म के तहत डॉ. भंवरलाल गोदारा विकास अधिकारी, साथ में विजयसिह, ग्राम पंचायत गिडा के ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्रसिह समाजसेवी देवीसिह टीम के रूप में पांच पौधे लेकर शायर कंवर के घर गये, जहां टांके के पास मौके पर ही पांच खड्डे खुदवाकर पौधों को पालने की जिम्मेदारी शायर कंवर व उनके परिवार को दी। इस पर पुरे परिवार ने खुशी से पौधो को पालने की जिम्मेदारी ली। पांचों पौधों की जियो ट्री एप्प पर जियो टैग भी की गई।

जनजाति छात्रावास का निरीक्षण

बालोतरा, (निसं)। उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने शनिवार को अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने छात्रावास के रसोईघर का बारीकी से अवलोकन किया। लेकिन वहां खाने-पीने की सभी वस्तुएं न केवल व्यवस्थित रूप से रखी मिली, बल्कि छात्राओं के लिए गुणवत्ता युक्त भोजना बनता पाया गया। इसके अलावा साफ-सफाई का इंतजाम भी छात्रावास में काफी बेहतर मिला। उपखंड अधिकारी ने छात्रावास पहुंच साफ-सफाई व्यवस्था, बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही बच्चों से चर्चा भी की। इस दौरान बच्चों द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया गया।

सार-समाचार

पूंजला में जागरूकता दिवस मनाया

जोधपुर, (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी के विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा शिवराम नत्थुजी टाक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूंजला में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे जागरूकता दिवस आयोजित किया गया। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर के प्राचार्य डॉ. गौरव नागर एवं शिविर प्रभारी डॉ राजेश कुमार कुमावत ने बताया कि होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार झा, डॉ. अंकिता आचार्य, डॉ. अंकिता उपाध्या, डॉ. राकेश कुमार मीना ने हेपेटाइटिस से संबन्धित विकार, लक्षण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को हेपेटाइटिस बी के खिलाफ टीकाकरण व हेपेटाईटिस के रोकथाम जांच और उपचार की सेवाओं की जानकारी दी। छात्रों को सम्बोधित करते हुए डॉ. प्रदीप कुमार झा ने व्यक्तिगत स्वच्छता बनाऐ रखने जैसे साबून एवं पानी से हाथ धोने एवं दवा लेने के लिए सुइयों को साझा ना करने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अंकिता उपाध्याय एवं डॉ. राकेश कुमार मीना कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग ने हेपेटाइटिस सम्बन्धित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित वर्ष 2024 की थीम यह कार्यवाही का समय है के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्राधानाचार्य रेणु व्यास का सहयोग रहा तथा उन्होनें जागरूकता दिवस के आयोजन के लिए कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति का आभार व्यक्त किया।

कौशल विकास प्रशिक्षण जारी

जालोर, (कासं)। कृषि विज्ञान केंद्र, केशवना में ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए कौशल विकास के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य विषय मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण रहा। केंद्र के वैज्ञानिक सुमन शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बाजरा के मूल्य संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमे महिलाओ को बाजार के बिस्कुट, नमकीन, पॉपकोर्न, केक, लड्डू, पापड़, राबोड़ी का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओ ने बाजरे के विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पाद का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कला कौशल का विकास किया। कृषि विज्ञान केंद्र के सश्य विज्ञान विशेषज्ञ बिरम सिंह ने जालोर क्षेत्र की मुख्य फसल बाजरा के मूल्य संवर्धन करने के लिए महिलओं को प्रेरित किया एवं जालोर जिले के लिए बाजरे की आयरन एवं जिंक से भरपूर बायोफोर्टिफाइड किस्म आर.एच.बी. 233 की विशेषताओं के बारे में महिलाओ को अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ पवन कुमार पारीक उद्यान विशेषज्ञ ने महिलाओं को सब्जियों के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओ को केन्द्र की विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण करवाया एवं वर्तमान में नयी तकनीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मनीष चौधरी फार्म मेनेजर, अंशुमाली प्रोग्राम सहायक एवं भूपेंद्र सिंह एग्रोमेट आब्जर्वर उपस्थित रहे।

तीन दुकान के प्राधिकार पत्र निलम्बित

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा शहर के तीन उचित मूल्य दुकानदारों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए प्राधिकार पत्र निलम्बित किए गए। जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि बालोतरा शहर के उचित मूल्य दुकानदारों के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव द्वारा बालोतरा उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार से जांच करवाई गयी। जाँच रिपोर्ट जाँच में मनोज श्व ह्लह्लु लक्ष्मीनारायण उचित मूल्य दुकानदार वार्ड संख्या 3० एवं वैकल्पिक वितरण व्यवस्था वार्ड संख्या 24, हस्तीमल पुत्र पूनमजी उचित मूल्य दुकानदार वार्ड संख्या 14 एवं वैकल्पिक वितरण व्यवस्था वार्ड संख्या 23 तथा गोविन्द पुत्र सीताराम उचित मूल्य दुकानदार वार्ड संख्या 16 द्वारा वितरण व्यवस्था में गम्भीर अनियमितता पायी गयी। उन्होंने बताया कि वितरण व्यवस्था में गम्भीर अनियमितताओं के मद्देनजर इन उचित मूल्य दुकानदारों के विरूद्ध विभागीय प्रकरण दर्ज करते हुए इनको जारी प्राधिकार पत्र राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के तहत निलम्बित किये गये है तथा इनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

महिलाओं का सावन मेला लगाया

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के महावीर नगर स्थित महावीर भवन में स्माइली इवेंट्स की ओर से महिलाओं के लिए सावन राखी पर्व को लेकर दो दिवसीय महिला मेला का आयोजन किया गया। स्माइली इवेंट की संयोजक उर्मिला तापड़िया ने बताया कि इस मेले के माध्यम से घरेलू उत्पादन करने वाली महिलाओं को एक मंच के माध्यम से अपना प्रोडक्ट बेचने के लिए मंच दिया। इस मेले में करीब 45 स्टॉल लगाई गई है, जिसमें सभी महिला दुकानदार हैं। इसमें रेडीमेड गारमेंट,क्रोकरी,इमिटेशन ज्वेलरी,फैंसी आइटम, अचार पापड़ नमकीन,गिफ्ट आइटम की दुकानों पर पहले दिन शहर की महिला खरीदारी करने उमड़ी। मेले के सहयोग में संतोष, सुमित्रा शर्मा, बेला मेहता आदि का सहयोग रहा। स्माइल इवेंट पिछले 5 वर्षों से साल में तीन चार बार ऐसे मेलों का आयोजन करती है, इसमें शहर की महिलाए अपना उत्पाद बेच सकती है।

नाबालिग का देह शोषण

जोधपुर, (कासं) । पुलिस कमिश्नरेट के देव नगर थाने में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिग से दोस्ती कर मेलजोल बढ़ाया। इसके बाद देह शोषण किया। लगातार देह शोषण से नाबालिग गर्भवती हो गई तब परिजनों को पता चला। अब परिजनों ने मामला दर्ज करवाया है। थाने में दी रिपोर्ट में नाबालिग ने बताया आरोपी ने उसे दोस्ती कर झांसे में लिया। दोस्ती का फायदा उठाकर आरोपी नाबालिग के साथ रेप करता रहा। इसकी वजह से वह गर्भवती हो गई। नाबालिग के गर्भवती होने पर परिजनों को इसका पता चला। बाद में परिजनों ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी, पोक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच एसीपी प्रतापनगर कर रहे है।

हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण

बालोतरा, (निसं)। औद्योगिक क्षेत्र बालोतरा में रीको, राजस्थान पत्रिका एवं मैसर्स वंदना फिलिंग स्टेशन के संयुक्त तत्वावधान में हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र बालोतरा चतुर्थ चरण के ओपन पार्क में लगभग 2०० पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मैसर्स वंदना फिलिंग स्टेशन, बालोतरा के प्रोपराईटर प्रवीण कुमार पुंगलिया द्वारा पौधों के रख-रखाव का जिम्मा लिया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानू राम सैनी ने कार्य म की सराहना करते हुए उद्यमियों से औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रीको इकाई प्रभारी सुशील कटियार, योजना सहायक नरेश परिहार, सहायक स्थल अभियंता मुल्तान राम, ड्राफ्टसमैन रामबलवान मीणा, प्रवीण कुमार पुंगलिया, राजस्थान पत्रिका के प्रतिनिधिगण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आज

जालोर, (कासं)। जिला पावर लिफ्टिंग संघ जालोर के तत्वावधान में 28 जुलाई को जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला (उपकरण साहित) प्रतियोगिता सुदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला जालोर में शाम 6 बजे आयोजित होगी। भाग लेने वाले 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक अपनी प्रविष्टियां जमा करा सकेंगे। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य ने बताया कि पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सभी वर्ग के मुकाबले होंगे। पुरुष वर्ग में 53, 59,66,74, 83, 93, 105, 120 महिला वर्ग में 43, 47, 52, 57, 63, 69, 76, 84, 84 भार वर्ग के अलग-अलग मुकाबला होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित जिला पावर लिफ्टिंग टीम 2 से 4 जुलाई को चित्तौड़गढ होने वाली 12वीं राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

हॉस्टल रूम से दो छात्रों के मोबाइल चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के पाली रोड स्थित एक हॉस्टल से दो छात्रों के मोबाइल चोरी हो गए। इस बारे में पीड़ित छात्रों की तरफ से संयुक्त रिपोर्ट भगत की कोठी थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि खेड़ापा के कजनाउ कला हाल भगत की कोठी एक हॉस्टल में रहने वाले जुगल किशोर जाट और उसके साथी सिरोही के अरठवाडा निवासी अर्जुन कुमार की तरफ से संयुक्त रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि दो दिन पहले वे हॉस्टल रूम से बाहर गए थे। वापिस आने पर कमरों से दो मोबाइल चोरी हो गए। पुलिस अब मोबाइल चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।